कार्यालय वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ।

पत्रांक 2093/14–1 ,अलीगढः दिनांकः जनवरीः 25 ,2016

सेवामें,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ

विषयः– **जनपद अलीगढ़ में पलवल–टप्पल–अलीगढ़ मार्ग (एस0एस0–22ए) किमी0 27.261 की दांयी पटरी पर ग्राम–टप्पल के खसरा संख्या–412/2 एवं 851 पर विकसित किये जा रहे एस्सार ऑयल लि0 के रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.0758 है0 संरक्षित वनभूमि के बिना पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बंध में।**

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, का पत्रांक 8बी/यू0पी0/06/37/2015/एफ0सी0/932 दिनांक 21.10.2015 एवं आपका पत्रांक 1023/11सी–अलीगढ़ दिनांक 05.11.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा लगायीं गयीं आपत्तियों का निराकरण निम्न प्रकार किया जाता है–

1. प्रस्ताव के भाग–II में बिन्दु संख्या–5 एवं 6 कार्ययोजना से संबंधित ब्यौरा एवं soil erosion का ब्यौरा स्पष्ट रूप से भरकर प्रेषित किया जा रहा है।
2. पृष्ठ 16 में संलग्न छायाप्रति में सम्बंध में अवगत कराना है कि रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग हेतु आवेदित वनभूमि पर कोई कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है। अतः वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन नहीं किया गया है।
3. एन0पी0वी0 की गणना इको क्लास एवं वानस्पतिक घनत्व के अनुसार करते हुए गणना प्रेषित की जा रही है।
4. भूसंदर्भित डिजीटल मानचित्र में प्रस्तावित प्रत्यावर्तन के मुख्य बिन्दुओं को GPS Coordinates के साथ संलग्न किया जा रहा है एवं मानचित्र की डिजीटल .shp file/.kml file सी0डी0 के रूप में संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं।
5. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित वनभूमि का भू–संदर्भित डिजीटल मानचित्र .shp file/.kml file में सी0डी0 के रूप में संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं।
6. वनभूमि के क्षेत्रफल की गणना पर पुनःविचार कर लिया गया है। इस हेतु Architect से भी क्षेत्रफल का पुनः गणना करा ली गयी है। Architect से इस विषय में प्राप्त प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य वन संरक्षक/प्रभारी वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़।
2. डिवीजनल मैनेजर, एस्सार ऑयल लिमिटेड, ए–5, सैक्टर–3, नोएडा

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य वन संरक्षक/प्रभारी वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।